तापमान
अधिकतम 35 .0 डिग्री
न्यूनतम 20 .2 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार, 6 अप्रैल 2024

11 प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



12 मतदान जागरूकता अभियान चलाया



## खबर संक्षेप

### छह लाख की धोखाधड़ी का आरोप, केस दर्ज

**सोनीपत।** गांव रेवली के ग्रामीण ने मां-बेटे ने फैक्टरी में निवेश कराकर रुपये दोगुना करने के नाम पर छह लाख रुपये ऐंठने का आरोप लगाया है। मुरथल थाना पुलिस ने ग्रामीण के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गांव रेवली निवासी किरणपाल ने आरोप लगाया कि सोनीपत निवासी सुमन व उसके बेटे दिपांशु ने दो साल पहले उनके घर आकर नमकीन बनाने की कंपनी खोलने की बात कही थी। उन्होंने उसे बताया था कि वह अगर वह उनकी कंपनी में रुपये लगाते हैं तो जल्द दोगुना कर उन्हें दे देंगे। जिससे वह लालच में आ गए। उन्होंने कई माह 15 से 20 हजार रुपये देते रहे। वह करीब छह लाख रुपये दे चुके हैं। जब उन्होंने रुपये मांगे तो आरोपियों ने पैसे देने से इंकार कर दिया। जब वह आरोपियों के घर पर गया तो उनके साथ झगड़ा कर मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### 22 वर्षीय युवक संदिग्ध हालत में लापता

**गन्नौर।** शाहपुर तगा गांव से एक 22 वर्षीय युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। लड़के की मां ने गुमशुदगी की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में कमलेश ने बताया कि उसका बेटा मंजीत 3 अप्रैल की दोपहर को मोटरसाइकिल लेकर गया था। जो शाम तक वापस नही लौटा। उन्होंने अपने स्तर में उसकी काफी तलाश की, लेकिन कही पता नही चला। पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### टाइल स्टॉक में रात में लोगों ने की तोड़फोड़




**खरखौदा।** थाना कलां मार्ग पर बनाए गए टाइल स्टॉक में कई लोगों ने तोड़फोड़ करके नुकसान पहुंचाया है। टाइल स्टॉक के मालिक अरविंद कुमार ने बताया कि उसने लीज पर प्लाट लिया हुआ है। जिसमें उसने काफी मात्रा में टाइल का स्टॉक रखा हुआ है। रात्रि करीब साढ़े दस बजे बहुत सारे लोगों ने प्लाट में पहुंचकर तोड़फोड़ की है। जिससे उसे लगभग 6 लाख का नुकसान हुआ है। भुक्तभोगी ने नामजद लोगों के खिलाफ शिकायत देकर उन पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है और नुकसान की भरपाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एक साल से स्टाइफंड का इंतजार बैंक खातों का वेरिफिकेशन नहीं

## राजकीय स्कूलों में आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों को मिलता है स्टाइफंड

## स्कूलों के चक्कर काट रहे अभिभावक नहीं हो रही सुनवाई , परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले आरक्षित श्रेणी के विद्यार्थियों को सरकार की ओर से स्टाइफंड मिलता है। स्टाइफंड के जरिये विद्यार्थियों को उनकी जरूरतें पूरी करने में मदद मिलती है। राजकीय स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थी करीब एक साल से स्टाइफंड का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन शैक्षणिक सत्र पूरा होने के बाद भी बैंक खातों में स्टाइफंड की राशि नहीं पहुंची। अभिभावक भी बैंक खाते की पासबुक को हर माह अपडेट करवाने बैंक पहुंच रहे हैं, लेकिन स्टाइफंड की राशि नहीं आने से खाली हाथ ही वापस लौटना पड़ता है। शिक्षा अधिकारियों का कहना है कि बैंक खातों का वैरिफिकेशन नहीं होने के कारण स्टाइफंड अटका हुआ है।

### नया सत्र शुरू हुआ

राजकीय स्कूलों में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्ग व बीपीएल परिवारों विद्यार्थियों को अलग-अलग मदों में प्रति माह स्टाइफंड दिया जाता है। विद्यार्थियों को प्रतिमाह मिलने वाली स्फाइफंड की राशि करीब एक साल से उन्हें नहीं मिली। अभिभावकों का कहना है कि स्कूलों में नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुका है। ऐसे में पहले साल के स्टाइफंड की राशि मिलेगी या नहीं, इस पर भी संशय है।

शिक्षा अधिकारी भले कितने बड़े दावे करते हों, लेकिन जमीनी हकीकत यही है कि विद्यार्थियों के हितों की तरफ पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता। शिक्षा अधिकारियों का कहना है कि अधिकतर विद्यार्थियों को स्टाइफंड की राशि बीच-बीच में जारी की गई है। जिस विद्यार्थियों के बैंक खातों में तकनीकी दिक्कत है, उन विद्यार्थियों का स्टाइफंड नहीं आया है। वेरिफिकेशन होने के बाद रुका हुआ स्टाइफंड जारी कर दिया जाएगा। राजकीय स्कूलों में विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।




### एससी विद्यार्थियों को यह मिलता है स्टाइफंड

| कक्षा | छात्र | छात्राएं |
|---|---|---|
| 1 से 5 | 150 | 225 |
| 6 से 8 | 200 | 300 |
| 9 से 10 | 250 | 400 |
| 11 से 12 | 400 | 600 |

### बीसी व बीपीएल विद्यार्थियों को इतने पैसे

| कक्षा | छात्र | छात्राएं |
|---|---|---|
| 1 से 5 | 75 | 150 |
| 6 से 8 | 100 | 200 |
| 9 से 10 | 150 | 300 |



### तकनीकी खामी के कारण बनी स्थिति



राजकीय विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने वाले अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्ग व बीपीएल परिवार के विद्यार्थियों को प्रति माह स्टाइफंड दिया जाता है। यह स्टाइफंड कक्षा अनुसार अलग-अलग मदों में पात्र विद्यार्थियों के बैंक खातों में भेजा जाता है। जिन विद्यार्थियों के बैंक खातों में तकनीकी खामी है या सत्यापित नहीं हुए हैं, ऐसे विद्यार्थियों का स्टाइफंड अटका हुआ है। बैंक खाते सत्यापित होने के उपरांत सभी का स्टाइफंड जारी कर दिया जाएगा।

**नवीन गुलिया**, जिला शिक्षा अधिकारी

# सड़क निर्माण पूरा न होने पर अधिकारी तलब



हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

बड़ी औद्योगिक क्षेत्र फेज 1 में करीब 1 साल पहले 11 करोड टूटी सड़कों को रिपेयर करवाने कार्य शुरू किया गया था। रिपेयरिंग का कार्य फरवरी माह तक पूरा करना था, लेकिन सड़क रिपेयरिंग का काम समय पर पूरा नहीं हो सका है। सड़क निर्माण को लेकर शुक्रवार को एसडीएम डा. निर्मल नागर ने एचएसआइआइडीसी बड़ी के अधिकारियों व निर्माण एजेंसी को अपने कार्यालय में तलब किया। एसडीएम के आदेश पर सीनियर मैनेजर जसबीर देशवाल के साथ एसडीओ जगदीश कादियान व एजंसी के संचालक एसडीएम कार्यालय में पहुंचे। एसडीएम डा. निर्मल नागर ने उन्हें रिपेयरिंग के काम हो रही देरी का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि ग्रेप नियम लागू होने की वजह से सड़क निर्माण के कार्य को रोकना पड़ा था, जिस वजह से सड़क निर्माण कार्य निर्धारित समय पर पूरा नहीं हो सका। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण का कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूरा हो गया है। एजेंसी को जल्द से जल्द सड़क निर्माण का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद एजेंसी अधूरे पड़े काम को पूरा करने में जुट हुई है। एसडीएम डा. निर्मल नागर ने उन्हें 20 अप्रैल तक काम पूरा करने की निर्देश दिए हैं।

### सोमवार को एसो. के साथ करेंगे बैठक

एसडीएम डा. निर्मल नागर ने बताया कि सड़क रिपेयरिंग से संबंधित जानकारी के लिए सोमवार को वह औद्योगिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ भी बैठक करेंगे। बैठक के दौरान वह एसोसिएशन के पदाधिकारियों से रिपेयरिंग से संबंधित ग्राउंड रिपोर्ट लेंगे। यदि कोई कमी मिली तो वह नियमानुसार कार्रवाई भी करेंगे।

# महिला विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन



**गोहाना।** छात्राओं को संबोधित करता कंपनी का अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

खानपुर कलां गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट एंड काउंसलिंग सेल (यूपीएससी) द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। यूपीएससी की उपनिदेशक डॉ अंशु भारद्वाज ने बताया कि इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में -माजार्स एडवाइजरी एलएलपी ने विजिट की।

ये कंपनी सरकारी व गैर सरकारी क्षेत्र में टैक्स, ऑडिट सहित अन्य प्रकार का परामर्श प्रदान करती है। कंपनी के एसोसिएट पार्टनर डॉ संजय भारद्वाज ने छात्राओं को कंपनी की पृष्ठभूमि तथा कार्यप्रणाली की जानकारी दी। आरंभिक स्क्रीनिंग चरण में ग्रुप डिस्कशन का आयोजन किया गया, जिसमें अंग्रेजी तथा इकोनॉमिक्स विभाग की 28 छात्राओं ने भाग लिया।

वहीं आईटी कंपनी कोड क्वॉटेंट के ई-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में महिला विश्वविद्यालय के बीटेक, सीएसई, बीटेक ईसीई के 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इंटर्न आईटी ट्रेनर के पद के लिए आयोजित इस ई-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में छात्राओं ने ऑनलाइन टेस्ट दिया। शॉर्टलिस्ट किए गए विद्यार्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। इस अवसर पर यूपीएससी के निदेशक प्रो विजय नेहरा, प्राध्यापक एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# महिला को झांसे में लेकर सोने के आभूषण ठगे

**सोनीपत।** मुरथल अड्डा के पास स्थित बाजार में महिला को झांसे में लेकर उनके सोने के आभूषण चोरी कर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने धोखाधड़ी व चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।कोट मोहल्ला निवासी निर्मल शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह मुरथल अड्डा के पास आर्य कन्या स्कूल के निकट बुटीक चलाती हैं। वह वीरवार को अपनी दुकान से कुछ सामान लेने बाजार में गई थीं। वहां पर उन्हें एक युवक मिल गया। युवक ने कहा कि उसे पानीपत जाना है और वह अशिक्षित होने के कारण रास्ता भटक गया है। महिला का आरोप है कि युवक ने उनसे पानीपत जाने का रास्ता पूछा। उसी दौरान महिला व व्यक्ति वहां आ गए। महिला से युवक से बातचीत शुरू कर दी। युवक ने उन्हें भी पानीपत जाने की बात कही। तभी युवक ने अपनी जेब से पॉलिथीन निकाली और उस व्यक्ति से कहा कि यह उसे यह सामान उसके मालिक ने दिया और उनके परिचित को देकर आना है। उसने कहा कि यह पॉलीथीन आप रख लेना, इसके बदले उसे बस का किराया दे देना। इस पर व्यक्ति ने निर्मल शर्मा को पैसे देने को कहा। महिला का कहना है कि इस दौरान उन पर तंद्रा छाने लगी। व्यक्ति ने उन्हें कहा कि आप अपनी बालियां दे देना, किराया वह उसे दे देगा।

महिला का आरोप है कि उन्होंने अपनी बालियां उतारकर उसे दे दी। इतना ही नहीं अंगूठी भी निकाल कर दे दी। उस व्यक्ति ने उनके सामने ही बालियां और अंगूठी रुमाल में बांधकर उसे वापस दे दी। उसके बाद तीनों वहां से चले गए। महिला का कहना है कि कुछ देर बाद जब उनकी तंद्रा टूटी तो उन्होंने रुमाल खोलकर देखा। रुमाल के अंदर कंकड़ बंधे मिले।

# ओलावृष्टि से हुए नुकसान के आकलन की पुष्टि करने खरखौदा पहुंचे आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा



**खरखौदा।** खराब हुई फसलों का मुआयना करते कमिश्नर।

रोहतक के कमिश्नर संजीव वर्मा ने शुक्रवार को खरखौदा क्षेत्र का दौरा किया और ओलावृष्टि से खराब हुई उन फसलों का निरीक्षण किया जिनमें 75 से 100 फीसदी नुकसान दशार्या गया था। इन क्षेत्रों की गिरदावरी की जा चुकी है। जिसके बाद ही कमिश्नर जांच करने पहुंचे । इस दौरान उन्होंने खरखौदा उपमंडल के गांव सिसाना ,आनंदपुर झरोठ व झरोठी गांव के उन खेतों का मुआयना किया, जहां पर ओलावृष्टि के कारण अत्यधिक नुकसान हुआ है। उल्लेखनीय है कि ओलावृष्टि से खरखौदा क्षेत्र में करीब 35 हजार एकड़ में फसलों में नुकसान हुआ था। उक्त निरीक्षण इसलिए किया गया है कि गिरदावरी में जो नुकसान दशार्या गया है, उसकी मौके पर पहुंचकर जांच की जा सके। इस मौके पर एसडीएम श्वेता सुहाग, तहसीलदार मनोज कुमार, नायब तहसीलदार, गिरदावर व अन्य मौजूद रहे।

# अलग-अलग स्थानों पर महिला व युवती से दुष्कर्म

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में किशोरी व युवती से दुष्कर्म किए जाने के मामले सामने आए है। पीड़ित किशोरी की मां व युवती के बयान पर पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर लिये। पुलिस ने युवती से दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सदर थाना क्षेत्र के गांव की महिला ने बताया कि उनकी 16 वर्षीय बेटी 11वीं कक्षा में पढ़ती है। महिला ने बताया कि उनके पति बीमार होने के चलते अस्पताल में भर्ती है। उनके पड़ोस में रहने वाले आरोपी ने बताया कि वह उसे उनके पिता के पास अस्पताल में छोड़ देगा। वह उनकी बेटी को अपने साथ ले गया। आरोपी ने उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया और बाद में गांव के पास छोडकर भाग गया। वहीं सदर थाना क्षेत्र के गांव की युवती ने पुलिस को बताया कि उससे शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया गया है। युवती ने बताया कि आरोपी से उनकी जान पहचान हो गई थी। आरोपी ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म कर दिया। जब शादी को कहा तो वह बहाने बनाने लगा। जिस पर युवती ने पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी दीपक को गिरफ्तार कर लिया है।

# एचएसआइआइडीसी चौकी को मिला प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ थाने का पुरस्कार

## सूरजकुंड में आयोजित कार्यक्रम में थाना प्रभारी को डीजीपी ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ एचएसआइआइडीसी बड़ी थाना के प्रभारी महेश कुमार को डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने सम्मानित किया है। फरीदाबाद के सूरजकुंड में आयोजित कार्यक्रम में डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने थाना प्रभारी महेश कुमार को प्रमाण पत्र भेंट किया। देश के सर्वश्रेष्ठ पुलिस थानों का चयन करने के साथ ही राज्यवार रैंकिंग भी जारी की जाती है। जिसमें सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन के लिए औद्योगिक क्षेत्र बड़ी थाना को शामिल किया गया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा वार्षिक रैंकिंग 2023 के लिए हरियाणा के दो थाने शार्टलिस्ट किए गए थे। जिसमें सोनीपत जिले का एचएसआइआइडीसी बड़ी थाना तथा गुड़गांव जिले का मानेसर थाना शामिल थे।

जिसके बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा अपराध दर, मामलों की जांच और निपटान, महिला के खिलाफ अपराध, कमजोर वर्ग, संपत्ति अपराध, बुनियादी ढांचे, सार्वजनिक सेवा, साफ सफाई, पेयजल, शौचालय जैसे कई मानकों पर थानों का सर्वे कराया गया था। वहीं आम लोगों से भी थानों के संबंध में उनका पक्ष जाना गया। सर्वे में एचएसआइआइडीसी बड़ी थाना में बेहतर व्यवस्थाएं पाई गई।



**गन्नौर।** बड़ी थाना प्रभारी महेश को सम्मानित करते डीजीपी शत्रुजीत कपूर।

### 85 प्रतिशत पुराने केसों का निपटारा

सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार एचएसआइआइडीसी बड़ी थाना में 85 प्रतिशत पुराने केस का निपटान हुआ पाया गया। वहीं पुराने केस निपटान के मामले में भी एचएसआइआइडीसी बड़ी थाना देश में दूसरे स्थान प्राप्त करने में सफल रहा था।

# वर्क सस्पेंड के दौरान वकीलों में झगड़ा, दोनों पक्षों ने पुलिस में दी शिकायत

**खरखौदा।** अपनी मांगों को लेकर बार एसोसिएशन खरखौदा के वकील वर्क सस्पेंड किए हुए हैं। इस बीच शुक्रवार को हाई कोर्ट के एक वकील ने केस के सिलसिले में न्यायालय में जाने पर उसके साथ मारपीट की गई। वकील अजय शर्मा ने मामले की शिकायत खरखौदा पुलिस को दी है। वहीं दूसरी तरफ से दूसरे पक्ष ने भी पुलिस को एक शिकायत दी है। एक वकील से मारपीट के मामले में पुलिस द्वारा आरोपियों के गिफ्तार नहीं किए जाने पर वकील वर्क सस्पेंड किए हुए हैं। शुक्रवार को वर्क सस्पेंड के दौरान दिल्ली हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले एडवोकेट अजय शर्मा व खरखौदा बार में अपने एक केस के मामले में आए। घायल एडवोकेट अजय शर्मा ने मामले में बार प्रधान सहित अन्य के खिलाफ शिकायत पुलिस को दी है। जबकि दूसरी तरफ खरखौदा बार की तरफ से प्रधान कमल शर्मा ने पुलिस को शिकायत दी है, पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। वकील अजय शर्मा का कहना है कि उन्हें न्यायालय में पीटा गया। वहीं दूसरी तरफ बार प्रधान कमल शर्मा का कहना है कि सभी वकीलों की सहमति से वर्क सस्पेंड चला हुआ है, इसी दौरान दिल्ली कोर्ट का एक वकील कोर्ट में जाने लगा तो वकील साथी उसे रोक रहे थे, लेकिन वह गाली गलौज करने लगा। जिसके चलते उसे रोक रहे थे, उसकी पिटाई की कोई बात नहीं है। इसकी शिकायत पुलिस को दी गई है। थाना प्रभारी अंकित कुमार का कहना है कि दोनों पक्षों की तरफ से शिकायत दी गई है, मामले की जांच की रही है।

■ पुलिस ने मामले की जांच की शुरू

# एसडीएम ने भिगान टोल प्लाजा का निरीक्षण कर दिए निर्देश

## टोल प्रबंधकों को जाम से निपटने की रणनीति बनाने को कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

भिगान टोल प्लाजा पर वाहन चालकों की सुविधा को देखते हुए एसडीएम निर्मल नागर ने टोल अधिकारियों को कार्यालय में बुलाकर बैठक ली। उन्होंने टोल अधिकारियों को वाहन चालकों को लंबी लाईन से छुटकारा दिलाने के लिए जरूरी निर्देश दिए। बैठक के बाद उन्होंने टोल प्लाजा का दौरा किया और टोल से कुछ दूरी पर पट्टी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि पट्टी के बाद वाहनों की कतार लगती है तो आगे खड़े वाहन चालकों को बिना देरी के बूम बैरियर हटा कर उन्हें जाने दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वाहन चालक टोल प्लाजा के उपभोक्ता है। उनकी सुविधाओं का ध्यान रखना टोल कंपनी का काम है। कई बार जाम लगने के बाद वाह चालकों को बहुत परेशानी होती है। इसलिए उपभोक्ताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एनएचएआई द्वारा निर्धारित नियमानुसार टोल पर वाहनों के टोल कटवाने के निर्धारित समय का ध्यान रखें।



**गन्नौर।** एसडीएम डा. निर्मल नागर टोल प्लाजा का दौरा करते हुए।

### वाहनों को जल्द से जल्द रवाना करें

वाहन चालकों को टोल काटकर जल्द से जल्द आगे के लिए रवाना करे। अगर समय लगता है और वाहन चालकों की कतार पट्टी को पार कर जाती है तो आगे खड़े वाहनों को बूम को उठाकर निकलने दे, ताकि वाहन चालकों का लंबे जाम से निजात मिल सके। उन्होंने चेताया कि टोल न कटने के लिए टोल प्रबंधन खुद जिम्मेदार होगा।



दुनिया में सबसे बड़ा सांप अनाकोंडा है, जो 10 मीटर लंबा और 250 किलो वजनी हो सकता है।



दुनिया में सबसे अधिक विविधता वाले जानवर कीड़े हैं, जिनकी 10 लाख से अधिक प्रजातियां हैं।



# गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी से मिलती हैं कई सुविधाएं



नालेज

यंगभूमि डेस्क

गर्भवती महिला तथा उनके बच्चों को भोजन की किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होती है। आंगनबाड़ी केंद्र को 2 अक्टूबर 1975 को पूरे भारत में शुरू किया गया था। इसका मुख्य लक्ष्य बच्चों, गर्भवती महिला तथा दूध पिलाने वाली माताओं की स्वास्थ्य पोषण और विकास की आवश्यकताओं की पूर्ति करना है। गर्भधारण के दौरान महिलाएं अपना तथा अपने बच्चों का पूर्ण ध्यान रखें, उनमें कितना वजन होना चाहिए उन्हें क्या खाना चाहिए, तथा जन्म के बाद बच्चे की पूरी देखरेख जैसे उसमें कितना वजन है, बच्चों को कोई बीमारी तो नहीं है इत्यादि जांचना आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का काम होता है।

## नवजात बच्चों को सुविधा

आंगनबाड़ी माता एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं विकास संबंधित सहायता करती है। आंगनबाड़ी के जरिए नवजात शिशु तथा गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनबाड़ी में नवजात शिशु और 6 साल से कम आयु के बच्चों की देखरेख की जाती है। आंगनबाड़ी की ओर से 3 से 6 वर्ष तक बच्चों को शिक्षा दी जाती है। आंगनबाड़ी केंद्र में 6 वर्ष तक आयु को बच्चों को पोषण आहार दिया जाता है। आंगनबाड़ी के कर्यकर्ता बच्चों के खान-पान पर विशेष ध्यान देते है। यदि कोई बच्चा कुपोषित है तो उन्हें तुरंत अस्पताल भेजना तथा स्वास्थ्य सुविधा आंगनबाड़ी की तरफ से प्रदान की जाती है। अगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की तरफ से पूरी कोशिश की जाती है कि नवजात बच्चों को कोई भी बीमारी नहीं हो तथा वह कुपोषित नहीं हो और उनका स्वास्थ्य ठीक रहे।

### गर्भवती महिलाओं को सुविधा

अगर इस बारे में बात करें कि आंगनबाड़ी केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को क्या-क्या सुविधा दी जाती है तो आपको बता दें कि केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं को पूरी तरह मार्गदर्शन देती है कि उन्हें अपना ध्यान किस प्रकार रखना है, उन्हें क्या खाना है जो उनके तथा उनके बच्चे दोनों के लिए अच्छा हो। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं को सलाह देती है कि उन्हें क्या करना चाहिए जिससे उनके बच्चे का विकास पूर्ण रूप से हो।

## आंगनबाड़ी में देनी होती है जानकारी

गर्भवती महिलाओं कों गर्भधारण के दूसरे महीने में आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर अपना जानकारी देनी होती है। जिसके बाद आंगनवाड़ी केंद्र आपकी पूरी डीटेल्स को आंगनवाड़ी कार्यालय भेज देता है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की तरफ से आपको यह जानकारी दी जाती है कि आपकी डिलीवरी कब होगी और आपका कौन-कौन सा इंजेक्शन की जरूरत है।

### 1500 दी जाती है प्रोत्साहन राशि

डिलीवरी होने के बाद आपको राशन भी दिया जाता है एवं प्रधानमंत्री योजना के तहत आपको 1500 रु प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। यह प्रोत्साहन राशि इसलिए दी जाती है ताकि आप अपने खान-पान का पूरा ध्यान रख सके और अपने बच्चों का विकास सुनिश्चित कर सकें।

### इस प्रकार ले सकते हैं सुविधा का लाभ

गर्भवती महिलाओं को यह सारी सुविधा लेने के लिए सबसे पहले आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आपको आगनबाड़ी केंद्र में जाना होता है व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सभी जानकारी देनी होती है। प्रेगनेंसी की जानकारी जब आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंच जाती है तो आपको सभी सुविधाओं का लाभ दिया जाता है।

योजना के लिए जरूरी दस्तावेज, आधार कार्ड, वोटर आईडी बैंक, खाता का पासबुक, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, इत्यादि।

## सुविधा लेने के लिए करना होता है रजिस्ट्रेशन

- इस योजना में आवेदन करने के लिए सबसे पहले आवेदक कों बताये गए सभी दस्तावेजों को अपने पास रखना होता है। आवेदक महिला के पास यह सभी दस्तावेज उपलब्ध होने चाहिए।
- इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र से आपको एक फॉर्म लेना होता है और पूछी गई जानकारी को सावधानीपूर्वक दर्ज करना होता है।
- अब आपको आवेदन फार्म के साथ सभी मांगे गए दस्तावेज लगाने होते हैं।
- इसके बाद आपको अपना एप्लीकेशन फॉर्म आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर जमा करवाना होता है।
- इस प्रकार आपका रजिस्ट्रेशन पूरा हो जाता है।
- आपकी डिलीवरी होने के बाद हर महीने आपको 1500 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

### अलग-अलग राज्यों में दी जाती है अलग-अलग सुविधा

विभिन्न राज्यों की सरकारों की तरफ से गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्र की ओर से कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है जैसे उत्तर प्रदेश राज्य की तरफ से एक कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कई तरह का लाभ दिया जाता है। राज्य के अनुपूरक पोषाहारकार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से बचाने और अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों पर पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाता है। भोजन में हर दिन 600 कैलोरी ऊर्जा और 20-25 ग्राम प्रोटीन शामिल होता है। इसमें गेहूं के आटे की बर्फी, मूंग दाल की खिचड़ी और बेसन जैसी चीजें शामिल होती हैं। हरियाणा में आंगनबाड़ी केंद्रों में गेहूं, चावल, सरसों का तेल, दूध की पैकेट इत्यादि कई तरह का राशन उपलब्ध करवाया जाता है। इन सब के पीछे सरकार का एक ही उद्देश्य है कि नवजात शिशु तथा उसकी माता दोनों स्वस्थ रहें तथा दोनों का सर्वांगीण विकास हो पाए।

### कुपोषण को हराने के लिए बनाए गए आंगनबाड़ी केंद्र

आगनबाडी वह केंद्र है जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र कों वेतनभागी आंगनबाडी कार्यकर्ता द्वारा संचालित किया जाता है और आंगनबाड़ी सहायिका उसकी मदद के लिए होती है। भारत में बढ़ती हुई बच्चों की जनसंख्या तथा कुपोषण के लक्षणों को देखते हुए भारत सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों को एक विशेष पहचान प्रदान की है। इन केंद्रों पर समाज के गरीब वर्ग के बच्चों को काफी सहायता दी जाती है तथा इन केन्द्रों से गर्भवती महिला और उनको बच्चों को भी कई तरह की सुविधा दी जाती है।

## विमानन एक रोमांचक और चुनौतीपूर्ण पेशा

# छूना है आसमान, तो एविएशन में कोर्स करेगा आपका सपना पूरा

### युवाओं की बन रहा पहली पसंद

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

वर्तमान समय में दुनिया भर में हवाई सफर काफी महत्वपूर्ण हो चुका है। इसीलिए इसको काफी आसान और एडवांस भी बनाया जा चुका है तथा हर दिन इसमें नई नई तकनीक का उपयोग हो रहा है, ऐसी स्थिति में यहां पर अनेक तरह के विभाग और अनेक प्रकार के क्षेत्र देखने को मिलते हैं। जिनके तहत विभिन्न प्रकार के पद निर्धारित किए गए हैं। इन सभी पदों पर योग्य उम्मीदवारों की नियुक्ति की जाती है तो अगर आप भी एविएशन के क्षेत्र में करियर देखने की चाह रखते हैं, तो यह आपके लिए एक बेहतरीन मौका हो सकता है।

### क्या है एविएशन कोर्स

एविएशन कोर्स एक प्रशिक्षण कार्यक्रम होता है जो उन छात्रों के लिए है जो एविएशन के क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्रों को एक स्किल सेट और तकनीकी ज्ञान प्रदान किया जाता है जो उन्हें एविएशन उद्योग में काम करने में सक्षम बनाते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एविएशन क्षेत्र में योग्य और तकनीकी संभावनाओं को उद्घाटित करना है। इस कोर्स को करने के बाद कोई भी छात्र एविएशन के क्षेत्र में अपने हुनर के आधार पर पद हासिल कर सकता है और आप भली-भांति जानते ही हैं कि वर्तमान समय में एविएशन के क्षेत्र में कितना बड़ा और कितना अच्छा स्कोप है।





### एविएशन इंजीनियरिंग

एविएशन इंजीनियरिंग एक उच्च गुणवत्ता वाला तकनीकी कोर्स है, जो एयरक्राफ्ट की तकनीकी मरम्मत और परीक्षण से संबंधित होता है। इस कोर्स के माध्यम से उम्मीदवारों को एयरक्राफ्ट के संरचना, यांत्रिक विज्ञान, नवीनतम तकनीकी विकास और मरम्मत तकनीकों में सक्षमता प्राप्त होती है।

### एयर होस्टेस कोर्स

एयर होस्टेस या एयर स्टीवर्ड एक लोकप्रिय एविएशन कोर्स है जिसमें उम्मीदवारों को एयरलाइंस के सेवा क्षेत्र में काम करने के लिए तैयार किया जाता है। इस कोर्स में उम्मीदवारों को यात्री सुविधाओं, सुरक्षा के नियमों और सामाजिक और पेशेवर क्रियाकलापों के बारे में शिक्षा दी जाती है। इस कोर्स से उम्मीदवार एयर होस्टेस या एयर स्टीवर्ड के रूप में काम करने के लिए तैयार होते हैं।

### एविएशन मैनेजमेंट कोर्स

एविएशन मैनेजमेंट कोर्स उन उम्मीदवारों के लिए होता है जो एविएशन क्षेत्र में प्रबंधन करने के लिए तैयार होते हैं। इस कोर्स में उम्मीदवारों को एविएशन व्यवसाय के निर्माण, प्रबंधन, संचालन और विपणन के बारे में शिक्षा दी जाती है। इस कोर्स के अंतर्गत उम्मीदवारों को समाज और संचार माध्यमों के माध्यम से विपणन के बारे में भी शिक्षा दी जाती है। यह कोर्स एक अधिकांश स्तरों पर उपलब्ध है जैसे कि स्नातक और स्नातकोत्तर तक।

### जरूरी योग्यताएं

*यह कोर्स काफी महत्वपूर्ण कोर्स है। इसीलिए इस कोर्स हेतु कुछ योग्यताएं निर्धारित की गई है जिसके आधार पर कोई भी विद्यार्थी इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है और इसको उसको करने के बाद एविएशन में अपना करियर देख सकता है। तो इस कोर्स के लिए निर्धारित की गई योग्यताएं निम्नलिखित हैं*

- इस कोर्स के लिए उम्मीदवार की आयु कम से कम 17 वर्ष होनी चाहिए।
- एवियशन कोर्स के लिए विद्यार्थी का बारहवीं कक्षा पास होना जरूरी है।
- कुछ शिक्षण संस्थान इस कोर्स के लिए स्नातक डिग्री की भी मांग करते हैं।
- इस कोर्स को करने के लिए विद्यार्थी का शारीरिक और मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थ होना चाहिए।
- एविएशन इंडस्ट्री में आगे बढ़ने के लिए विद्यार्थी को अंग्रेजी भाषा का अच्छा ज्ञान होना चाहिए।
- विद्यार्थी के 12वीं कक्षा में कम से कम 50% अंक प्राप्त होने चाहिए।
- विद्यार्थी को 12वीं कक्षा फिजिक्स और गणित विषय के साथ ही पास करनी होती है।
- विद्यार्थी के पास सभी प्रकार के पहचान और शैक्षणिक योग्यता वाले दस्तावेज होने चाहिए।

### फीस

*यह कोर्स कितना महत्वपूर्ण है और इसकी विशेषता तो अब तक आप जान चुके हैं, तो अब हम यह भी जान लेते हैं कि इस कोर्स को कराने वाले कॉलेज या शिक्षण संस्थान कितनी फीस वसूलते हैं। तो हम आपको बता देते हैं कि इस कोर्स की फीस अलग-अलग शिक्षण संस्थान पर निर्भर करती है। इसके अलावा जगह के आधार पर भी निर्भर करती है। लेकिन सामान्य तौर पर इस कोर्स के लिए विद्यार्थियों को 100000 से लेकर 500000 तक खर्च करने होते हैं। इसके अलावा भी विभिन्न प्रकार के खर्च हो जाते हैं। इस कोर्स की सही फीस पता करने के लिए शिक्षण संस्थान का चयन करके जानना होगा।*

### बेस्ट इंस्टिट्यूट

दुनिया भर की तरह भारत में अभी वर्तमान समय में काफी एविएशन कोर्स कराने वाले इंस्टिट्यूट है जिनमें से कुछ सर्वश्रेष्ठ इंस्टिट्यूट के नाम हम आपको नीचे बता रहे हैं। आप इनमें से किसी भी इंस्टिट्यूट का चयन करके अपने कैरियर को सफल बनाने के लिए एविएशन कोर्स हेतु आवेदन कर सकते हैं —

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एविएशन
- टेक्नोलॉजी (दिल्ली)
- इंडियन एविएशन एकेडमी (मुंबई)
- राजस्थान विमान अकादमी (जोधपुर)
- हिंदुस्तान एविएशन एकेडमी (उत्तर प्रदेश)
- एविएशन ट्रेनिंग सेंटर (हैदराबाद)

### एडमिशन कैसे लें

इस कोर्स में एडमिशन लेने के लिए आपको सबसे पहले यह देखना है कि भारत में एवियशन कोर्स कराने वाले शिक्षण संस्थान और कॉलेज कौन-कौन से हैं। उसके बाद आपको यह देखना है कि आप कौन से शिक्षण संस्थान या कॉलेज के तहत कोर्स करना चाहते हैं, अब आपको उस इंस्टीट्यूट्स के वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन अप्लाई करना होगा। छात्रों को अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है।

### एयर ट्रैफिक कंट्रोल कोर्स

एयर ट्रैफिक कंट्रोल कोर्स उन उम्मीदवारों के लिए होता है जो उड़ानों को नियंत्रित करने के लिए तैयार होते हैं। इस कोर्स में उम्मीदवारों को उड़ानों के रूट और उनकी संख्या, आपदा प्रबंधन, ट्रैफिक विन्यास, फ्लाइट कंट्रोल तकनीक, टेक्निकल शब्दों का उपयोग और एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट के बारे में शिक्षा दी जाती है। इस कोर्स के अंतर्गत उम्मीदवारों को एयर ट्रैफिक कंट्रोल के लिए आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के लिए ट्रेनिंग दी जाती है।

### पायलट कोर्स

पायलट कोर्स उन उम्मीदवारों के लिए होता है जो विमान उड़ाने के लिए तैयार होते हैं। इस कोर्स में उम्मीदवारों को विमान उड़ाने की तकनीक, सुरक्षा सम्बंधित प्रक्रियाएं, उड़ान यात्रियों की रख-रखाव और उन्हें समय पर उनके गंतव्य पर पहुंचाने की शिक्षा दी जाती है। इस कोर्स के अंतर्गत उम्मीदवारों को एक अंतिम परीक्षा देनी होती है जिसके बाद वे उड़ान यात्रियों को सुरक्षित रूप से उड़ान देने के लिए पायलट बनने के लिए योग्य माने जाते हैं।

# बच्चों की भी तो सुनना सीखे माता-पिता तथा टीचर, हर बच्चा स्नेह का भूखा



मोटिवेशनल

नरेंद्र यादव

क्या आपने माता-पिता या टीचर के स्थान पर रह कर बच्चों के मन को समझने की कौशिश की है, हो सकता है कुछ ने समझने का प्रयास किया है तथा कुछ शायद बिलकुल सुनने के लिए ही तैयार नहीं होते है क्योंकि कुछ पेरेंट्स अथवा टीचर अपने पिता या माता तथा टीचर के ओहदे से नीचे उतरने के लिए ही तैयार नहीं होते है। एक अध्यापक अपने को शिक्षक कम, अधिकारी ज्यादा समझता हैं, कुछ पेरेंट्स अपने अनुभव का इतना बखान करते है जो अपने ही बच्चो को कहीं बहुत नीचे छोड़ देते हैं। बहुत से पेरेंट्स को अपने बच्चों की बात सुनने का समय ही नहीं है , वो ये कहते है कि आप को जो चाहिए , पैसा , कपड़े , किताबे, बाइक , कार कुछ भी चाहिए, ले लो परंतु उनके पास समय नहीं हैं।

## टीचर होना, कोई नौकरी नहीं

टीचर को शायद बच्चों या आप उनको विद्यार्थी कह सकते है, उनको समझने या समझाने का सायक्लॉजिकल ज्ञान नही हैं, और ना ही कुछ टीचर समझना चाहते है क्योंकि वो अपने को शिक्षक समझते ही नही है, उनको शिक्षक होने का अर्थ ही नहीं समझ आता है, उनको शिक्षक होना इतना ही समझ आता है जैसे ये एक नौकरी है, और इससे पैसे मिलते है। मैं यहां ऐसे माननीय शिक्षको को कहना चाहता हूं कि आप अपने पद का अर्थ समझे ताकि आप सभी को अपने पद की गरिमा तथा गौरव समझ में आ सकें। टीचर होना, कोई नौकरी नहीं है ये राष्ट्र के बच्चों के चरित्र निर्माण की ड्यूटी हैं, उनके भविष्य को अच्छे से अच्छा बनाने का भी कर्तव्य हैं । यहां मैं ये नहीं कह रहा हूं कि केवल टीचर की ही ड्यूटी है, यहां माता पिता की ड्यूटी सबसे ज्यादा हैं। मैं ऐसे माता पिता से कहना चाहता हूं जिनके पास पैसे तो है लेकिन समय नहीं है, और केवल पैसों के दम पर अपने बच्चों का पालन पौषण करना चाहते है ऐसे माता पिता के बच्चें दो तरह से रिएक्ट करते हैं पहला तो वो कभी भी आप द्वारा किए जा रहे बिजनेस को नही अपनाएंगे क्योंकि उन्हें उस व्यवसाय के कारण कभी भी स्नेह नही मिल पाया , बच्चो को उस बिजनेस की वजह से दुलार प्यारा नही मिल पाया , दूसरा वो अपने पेरेंट्स को प्यार नही करेंगे क्योंकि जब बच्चों को उनके दुलार की जरूरत थी उस समय वो अपने कामों में बिजी रहें। दूसरा भागीदार है टीचर , जो बच्चों को केवल अपनी नौकरी के अनुसार समय तो देता है परंतु उनकी भीतर की भावनाओं को समझकर उनके मन की बात नही सुनते हैं इसलिए स्टूडेंट अपने टीचर को गुरु नही मानते हैं क्योंकि गुरु वही है जो उनकी रुचि के अनुसार उनकी स्किल को विकसित करने का कार्य करते है, उनकी पढ़ाई, उनके चारित्रिक विकास, उनके मनोभाव, उनकी दिनचर्या, उनके खानपान, उनके पसंद नापसंद का भी ध्यान रखे वहीं तो गुरु है, केवल अक्षर ज्ञान कराने वाले कभी भी गुरु नही बन पाते हैं।

### इन नियमों का पालन करें

प्रिय पेरेंट्स , अपने बच्चों को वो ही देना जो सबसे जरूरी है उस पर विमर्श करना बेहद आवश्यक है जैसे ;

- बच्चों के साथ रोज इंटरेक्ट करना।
- बच्चों के साथ एक समय का भौजन करना।
- अपने बच्चों के मन की बात सुनना। और उन्हें सुबह शाम वॉक पर लेकर जाएं तथा खूब बाते करें।
- बच्चों को पैसों से ज्यादा स्नेह देने की आदत विकसित करना।
- बच्चों को महीने में एक दिन किसी भी रिश्तेदार या मित्र के यहां लेकर जाना ताकि उनमें रिश्ते की समझ पैदा हो और झिझक दूर हो सकें।
- बच्चों को कभी भी पैसे से बहलाने की कौशिश ना करें, कभी लालच ना दें।
- बच्चों को कभी भी किसी से कंपेयर ना करें। इससे बच्चों में हीनभावना जन्म लेती हैं।
- अपने बच्चों को कभी भी नेगेटिव शब्दो से प्रताड़ित ना करें।
- बच्चों को प्रसन्न रहने के लिए प्रेरित करें। उनके साथ कुछ कहानी किस्से शेयर करें।
- अपने बच्चों को जीवन में ज्यादा संग्रह करना ना सिखाएं क्योंकि इस से अंतोदय के सूत्र को धक्का लगता हैं।

टीचर से भी विद्यार्थियों के लिए कुछ अपेक्षाएं हैं , हर शिक्षक उन्हे अपने जीवन में जरूर उतारने की कृपा करें, जैसे ; हर टीचर को हरेक विद्यार्थी में अपने खुद के बच्चों की सूरत दिखनी चाहिए। शिक्षक को उनकी कक्षा में पढ़ने वाले हर विद्यार्थी एक समान लगने चाहिए। एक टीचर को हर विद्यार्थी की पांच स्किल पर ध्यान देना चाहिए, पहली स्वास्थ्य, दूसरी चरित्र निर्माण, तीसरा व्यक्तित्व विकास, चौथा उसकी संगत का ध्यान और पांचवी उसकी पढ़ाई लिखाई पर उचित ध्यान देना।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हड़प्पा सभ्यता का सर्वाधिक मान्यता प्राप्त काल है।
(ए) 2800 ई. पू.-2000 ई. पू.
(बी) 2500 ई. पू. -1750 ई. पू.
(सी) 3500 ई. पू. -1800 ई. पू.
(डी) निश्चित नहीं हो सका है

**2.** सिंधु घाटी की सभ्यता निम्नलिखित में से किस सभ्यता के समकालीन नहीं थी ?
(ए) मिस्र की सभ्यता
(बी) मेसोपोटामिया की सभ्यता
(सी) चीन की सभ्यता
(डी) ग्रीक की सभ्यता

**3.** सिंधु घाटी की सभ्यता कहाँ तक विस्तृत थी?
(ए) पंजाब, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर
(बी) राजस्थान, बिहार, बंगाल, उड़ीसा
(सी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उड़ीसा और बंगाल
(डी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, सिंध और बलुचिस्तान

**4.** सिंधु घाटी की सभ्यता में घोड़े के अवशेष कहां मिले हैं ?
(ए) सुरकोटदा (बी) वणावली
(सी) लोथल (डी) कालीबंगा

**5.** सिंधु घाटी स्थल कालीबंगन किस प्रदेश में है ?
(ए) राजस्थान में (बी) गुजरात में
(सी) मध्य प्रदेश (डी) उत्तर प्रदेश

**6.** निम्नलिखित में से किस पदार्थ का उपयोग हड़प्पा काल की मुद्राओं के निर्माण में मुख्य रूप से किया गया था ?
(ए) सेलखड़ी (बी) कांसा
(सी) तांबा (डी) लोहा

**7.** हड़प्पा सभ्यता किस युग की थी ?
(ए) कांस्य युग (बी) नवपाषाण युग
(सी) पुरापाषाण युग (डी) लौह युग

**8.** सिंधु घाटी सभ्यता के लोगों का मुख्य व्यवसाय क्या था ?
(ए) व्यापार ( बी) पशुपालन
(सी) शिकार (डी) कृषि

**9.** हड़प्पा सभ्यता के निवासी थे
(ए) ग्रामीण
(बी) शहरी
(सी) यायावर / खानाबदोश
(डी) जनजातीय

उत्तर 1.(बी) 2.(डी) 3.(डी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(ए) 7.(ए) 8. (ए) 9. (बी)

## खबर संक्षेप

### गाड़ी मालिक ने चालक पर लगाया चोरी का आरोप

**झज्जर।** गाड़ी मालिक ने चालक पर गाड़ी के टायर व तेल चोरी का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में छुड़ानी निवासी सत्यवान ने बताया कि वह मिट्टी डालने का काम करता है। उसने अपनी गाड़ी पर ललित नामक युवक को चालक रखा हुआ है। ललित कुमार उसकी गाड़ी को वीरवार को सिवाना गांव के भट्ठे पर छोड़ कर चला गया। ऐसे में उसकी गाड़ी के दो टायर, तेल व उसका फोन भी गायब है। पुलिस ने मामला दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी है।

### शहर के मेन बाजार में वितरित किए झंडे

**बहादुरगढ़।** भाजपा स्थापना दिवस को लेकर शुक्रवार को शहर के मेन बाजार में झंडे वितरित किए गए। पूर्व विधायक नरेश कौशिक व भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल शर्मा ने मेन बाजार में झंडे वितरित किए। किला मोहल्ला में भाजपा के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकत्रित हुए। रविवार की शाम को रेलवे रोड व नाहरा-नाहरी रोड पर जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा और इस दौरान भाजपा का झंडा भी वितरित किया जाएगा।

### बेरी में रक्तदान शिविर कल

**झज्जर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में बेरी के अग्रवाल स्वागत भवन में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। क्षेत्र की गैर-सरकारी संस्था युवा जागृति एवं सामाजिक उत्थान मंच द्वारा सुबह नौ बजे से शुरू किए जाने वाले इस रक्तदान शिविर में एम्स बाढ़सा ब्लड बैंक व स्थानीय नागरिक अस्पताल स्थित ब्लड बैंक की टीमें सेवाएं देंगी।

### मतदान के लिए जागरुकता अभियान जारी

**बहादुरगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर स्वीप गतिविधियां निरंतर जारी हैं। इसी कड़ी में वीरवार को एसडीएम परमजीत चहल ने शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों को वोट पंजीकरण की प्रक्रिया के बारे में भी बताया। एसडीएम ने कहा कि मतदान करते हुए हमें एक सशक्त और सक्रिय नागरिक होने की जिम्मेदारी का निर्वाह करना चाहिए। स्वयं मतदान करने के साथ ही अपने आसपास व परिजनों को भी अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

### पंचकूला में किया प्रतियोगिता का आयोजन

# राज्यस्तरीय रंगोत्सव प्रतियोगिता में 4 प्राध्यापकों ने दिखाई प्रतिभा

## कंवाली स्थित राजकीय उच्च विद्यालय के शिक्षक बिजेंद्र ने पाया तृतीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राज्य स्तरीय रंगोत्सव प्रतियोगिता में जिले के चार प्राध्यापकों ने प्रतिभागिता करते हुए अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। खरखौदा खंड के गांव कंवाली स्थित राजकीय उच्च विद्यालय के शिक्षक बिजेंद्र कुमार ने विजुअल आर्ट थ्री-डी स्पर्धा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिक्षकों की इस उपलब्धि पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी जितेंद्र छिक्कारा ने प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

शिक्षा विभाग की तरफ से राज्य स्तरीय रंगोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन पंचकूला में 6 से 8 फरवरी तक किया गया था। जिसमें प्रदेश भर के स्कूलों से शिक्षकों ने विभिन्न स्पधाअरं में भाग लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी जितेंद्र छिक्कारा ने बताया कि रंगोत्सव प्रतियोगिता में सोनीपत जिले से चार शिक्षकों ने भाग लिया था। जिसमें सहायक परियोजना समन्वयक डॉ. अतर सिंह ने म्यूजिकल वोकल क्लसिक स्पर्धा, शिक्षक डॉ. शमशेर सिंह ने म्यूजिक ट्रेडिशनल फॉक, शिक्षिका पुष्पा कुमारी ने विजुअल आर्ट व शिक्षक बिजेंद्र कुमार ने भी विजुअल आर्ट थ्री-डी स्पर्धा में प्रतिभागिता की। शिक्षक बिजेंद्र कुमार ने विजुअल आर्ट में तृतीय स्थान प्राप्त किया। डीईईओ ने कहा कि शिक्षा विभाग विद्यार्थियों के साथ ही शिक्षकों की प्रतिभा को निखारने के लिए भी इस प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन करता रहता है। शिक्षकों को इसमें अपनी पसंद अनुसार विभिन्न स्पधाअरं में भाग लेना चाहिए।



कांस्य पदक विजेता अध्यापक विजेंद्र को प्रमाण पत्र देते एपीसी डा. अत्तर सिंह।



खरखौदा। छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते प्राचार्य।

### पोस्टर मेकिंग में प्रमोद और राहुल ने मारी बाजी

**गोहाना।** गोहाना-सोनीपत मार्ग पर बड़ौता गांव स्थित गवर्नमेंट कॉलेज में शुक्रवार को कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ, जल शक्ति अभियान-2024 और इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में प्रतियोगिताएं करवाई गईं। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रमोद और राहुल को प्रथम घोषित किया गया। प्रतियोगिताओं का संयोजन करने वाले प्राध्यापक संतोष कुमार, शान देवी और डॉ. शैलेश कलकल रहे। निर्णायक मंडल में अनिल बडगूजर और विजेंद्र दुग्गल थे। पोस्टर मेकिंग के साथ निबंध लेखन की प्रतियोगिता भी हुई। दोनों प्रतियोगिताएं मतदान और जल संरक्षण विषयों पर हुईं। पोस्टर मेकिंग में भारती ने द्वितीय और वंश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन में रवि प्रथम, अंजलि द्वितीय और आकाश तृतीय स्थान पर रहे। पर प्राध्यापक डॉ. राजेश डावर, ज्योति रानी आदि भी मौजूद रहे।

### कहानी वाचन प्रतियोगिता में बुलबुल अव्वल

**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा प्राचार्य वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में कहानी वाचन प्रतियोगिता का आयोजन डॉ नमिता और डॉ अनीता के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं की संवाद व संचार कला में सुधार करना और उनकी इस कला को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में प्राचार्य ने कहा कि यह कार्यक्रम कॉमर्स विभाग के लिए एकदम नया और विषय से हटकर है। इससे छात्राओं को अपने जीवन अनुभव को भावनाओं के साथ व्यक्त करने का एक अच्छा अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में कुछ ऐसी घटनाएं घटित होती हैं, जिससे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। कार्यक्रम में सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। जिनमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में बुलबुल ने प्रथम, किरण और रितिक ने द्वितीय तथा निर्मल और अंजू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका अंग्रेजी विभाग से डॉ सीमांत और डॉ सारिका द्वारा निभाई गई। इस कार्यक्रम में कॉमर्स विभाग से डॉ प्रमिला, पूनम, सविता आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।





सोनीपत। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते अभय चौटाला। फोटो :हरिभूमि

# भाजपा की मदद कर रहे हैं हुड्डा : अभय चौटाला

- सोनीपत में इनेलो राष्ट्रीय महासचिव ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अभय चौटाला ने कहा कि अपने दम पर सभी सीटें जीतने का दंभ भरकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा अप्रत्यक्ष तौर पर भाजपा की मदद कर रहे हैं। वोट कटुआ कहने वाले खुद ही वोट कटुआ हैं। जिस राजकुमार सैनी ने प्रदेश में जातिगत जहर फैलाया था, अब भूपेंद्र हुड्डा ने उस से हाथ मिला लिया है। अभय चौटाला शुक्रवार को छोटूराम चौक के पास एक निजी बैंक्वेट हॉल में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इनेलो राष्ट्रीय महासचिव अभय चौटाला ने कहा कि हुड्डा जब यह कहते हैं कि पहले भी यह सिद्ध हो चुका है कि भूपेंद्र हुड्डा भाजपा के मददगार है। वह राज्यसभा चुनाव का स्याही कांड हो या फिर दीपेंद्र हुड्डा को राज्यसभा सांसद बनाने में भाजपा की मदद लेने का मामला हो। भाजपा सरकार पर भी निशाना साधते हुए अभय चौटाला ने कहा कि 10 लोकसभा सीटों के लिए भाजपा को प्रत्याशी तक नहीं मिले। नवीन जिंदल को डरा कर पार्टी में शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि भजपा के ऐसी वाशिंग मशीन है, जिसमें धुलते ही कोयला कोहिनूर हो गया। भाजपा प्रत्याशियों का सरेआम विरोध हो रहा है।

### खट्टर के घर फेंकेंगे मीटर

अभय ने कहा कि मनोहर लाल ने अपने समय में बिजली के ऐसे मीटर लगवा दिए जो तेज चलते हैं। कहा कि कोई बुजुर्ग कह रहा था कि हुक्के की जरा सी तगड़ी घूंट मार ले तो मीटर चल पड़ता है। इनेलो की सरकार बनी तो प्रदेश में किसानों के यहां लगे सभी बिजली मीटर उखाड़कर खट्टर के घर फेंककर आएंगे। सिरसा के भाजपा उम्मीदवार अशोक को लेकर भी कहा कि 20 दिन पहले अशोक तंवर एक शादी मिले तो उन्होंने पूछा था कि टिकट नहीं मिली तो क्या करेंगे, तो अशोक तंवर ने जवाब दिया था कि तो फिर वे किसी के दरवाजे जाकर खड़े हो जाएंगे। अभय ने कहा कि यहां कई लोग केवल निजी हितों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जनहित से उनका कोई लेना देना नहीं।

# अनुशासन में रहकर मेहनत करें

- बाबा हरिदास क्रिकेट अकादमी का हवन के साथ उद्घाटन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

बाबा हरिदास क्रिकेट अकादमी का हवन के साथ उद्घाटन किया गया। सोनीपत क्रिकेट एसोसिएशन के चीफ सिलेक्टर संजीव मल्होत्रा ने बच्चों को अनुशासन में रहकर कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और बच्चों को आशीर्वाद दिया और साथ ही अमित भीम अवॉर्डी ने भी बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर हरियाणा वूमेंस कबड्डी टीम की हेड कोच उषा ने भी बच्चों का हौंसला बढ़ाया। इस अवसर पर बाबा हरिदास क्रिकेट अकादमी और डी ए वी क्रिकेट अकादमी बहादुरगढ़ के बीच एक फ्रेंडशिप क्रिकेट मैच भी कराया गया जिसकी शुरूआत वूमेंस कबड्डी टीम की हेड कोच उषा ने रिबन काट कर की जिसमें दोनों टीमों को कुलदीप दहिया ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मैच देखने आए क्षेत्रीय लोगों ने खरखौदा में क्रिकेट अकैडमी खुलने पर खुशी जताई और क्रिकेट कोच प्रवेश दहिया को शुभकामनाएं दीं और बच्चों को आशीर्वाद दिया। बाबा हरिदास क्रिकेट अकैडमी के हेड कोच प्रवेश दहिया ने बताया कि ये क्रिकेट अकैडमी किसी स्कूल की अकेडमी की नहीं है। इसमें खरखौदा या आस पास के गांव के बच्चे क्रिकेट सीख सकते हैं। इस क्रिकेट अकैडमी का मकसद भविष्य के लिए अच्छे प्लेयर्स तैयार करना है, जो अपने इलाके का नाम रोशन करें। इस अवसर पर कबड्डी कोच नवीन धनखड़ और रवि कोच भी मौजूद रहे।



खरखौदा। क्रिकेट मैच का शुभारंभ करते कोच उषा। फोटो :हरिभूमि

### नकली नोट मामले में आरोपी को जमानत देने से इनकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि नकली मुद्रा का प्रचलन अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है तथा अदालतों को ऐसे मामलों से सख्ती से निपटना चाहिए। हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी उस व्यक्ति को जमानत देने से इनकार करते हुए की जिसके घर से कथित तौर पर तीन लाख रुपये मूल्य के 2,000 रुपये के नकली नोट बरामद हुए थे। अदालत ने आरोपी को राहत देने से इनकार करते हुए अपराध की गंभीरता और उसके घर तथा दुकान से की गई बरामदगी पर गौर किया। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने कहा कि नकली नोटों की आपूर्ति एवं प्रसार अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। इसलिए, अदालतों के लिए ऐसे मामलों से सख्ती से निपटना महत्वपूर्ण है।

# मतदान करने का दिया संदेश

- छात्राओं ने सेल्फी के साथ हस्ताक्षर अभियान को दी गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों के तहत जीवीएम गर्ल्ज कालेज में सेल्फी प्वाइंट तथा हस्ताक्षर बोर्ड स्थापित किया गया। कालेज की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक दोनों गतिविधियों में हिस्सा लेते हुए मतदान का संदेश दिया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने भी सफल आयोजन की बधाई देते हुए चुनाव में मतदान के लिए प्रोत्साहन दिया।

कालेज की छात्रा सुमन, मानसी, नेहा आदि ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व चुनाव में उन्हें इस बार मतदान करने का अवसर मिलेगा, जिसका वे पूर्ण लाभ उठायेंगी। वे पहली बार वोट करेंगी। इस दौरान कालेज के शिक्षण व गैर-शिक्षण स्टाफ ने भी सेल्फी के साथ हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिया।





सोनीपत। अभियान के तहत हस्ताक्षर करती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

# ग्रीन हेल्पलाइन पर की गई शिकायतों पर एक घंटे के भीतर कार्रवाई हो : हाईकोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को शहर के अधिकारियों से पूछा कि पेड़ों को नुकसान के संबंध में 'ग्रीन हेल्पलाइन' पर की गई शिकायतों पर अधिकतम कितने समय में कार्रवाई की जाती है। अदालत ने कहा कि 'ग्रीन हेल्पलाइन' पर की गई शिकायतों पर एक घंटे के भीतर कार्रवाई होनी चाहिए। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने कहा कि देरी से की गई कार्रवाई पेड़ों के संरक्षण के लिए शहर में लागू मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के उद्देश्य को विफल कर देगी क्योंकि ऐसे मामलों में नुकसान की भरपाई नहीं की जा सकती है। न्यायमूर्ति सिंह ने कहा कि हम जो बात कहना चाह रहे हैं वह यह है कि जब तक त्वरित प्रतिक्रिया टीम दो-तीन दिन बाद आती है, तब तक क्षति की भरपाई नहीं हो पाती है। इस संबंध में कार्रवाई अधिकतम 15 मिनट से एक घंटे के भीतर की जानी चाहिए।' अदालत एसओपी के कार्यान्वयन और हेल्पलाइन के संचालन से संबंधित एक मामले की सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान, दिल्ली सरकार के वकील ने अदालत को बताया कि वन विभाग की हेल्पलाइन का संचालन किया जा रहा है। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में पेश हुए वकील आदित्य एन. प्रसाद ने दावा किया कि हेल्पलाइन सक्रिय नहीं है और शिकायत करने के बाद अधिकारियों द्वारा कोई 'त्वरित कार्रवाई' नहीं की जाती है। अदालत ने कहा कि आप मुझे वह अधिकतम अवधि बताएं जिसके भीतर शिकायत का निपटारा किया जाएगा। सरकारी वकील ने कहा कि शिकायतों का निपटारा उसी दिन कर दिया जाता है। मामले की अगली सुनवाई नौ अप्रैल को होगी।



# लाखों की धोखाधड़ी का आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिमी जिले की साइबर पुलिस ने लाखों की चीटिंग के आरोपी गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम सूरज बताया गया है। वह साहिबाबाद, उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार इसके पास से आठ फर्जी आधार कार्ड और पैन कार्ड बरामद हुये है। इसके खिलाफ पंजाबी बाग में रहने वाले करण सलूजा ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता को प्राइवेट बैंक के एप के जरिये लाखों का चूना लगाया गया था। उन्हें हाई रिटर्न का प्रलोभन दिया गया था। इसके बाद उन्होंने एक बैंक के तीन अलग-अलग अकाउंट में 11 लाख रुपए ट्रांसफर किये थे। पुलिस टीम ने मामले की छानबीन शुरू की तो पता चला कि फर्जी कागजातों के आधार पर कई बैंक खाते खोले गये थे। इनमें कुछ खाते फरीदाबाद में भी खोले गये थे। पुलिस को इसके पांच खातों के बारे में पता चला है। इस तरह के फर्जीवाड़े की 10 शिकायत अभी तक सामने आई हैं। इसके खातों में चार महीने के भीतर करीब 30 लाख रुपए क्रेडिट हुए थे। पुलिस इस गोरखधंधे में शामिल इसके साथियों के बारे में जानकारी जुटा र ही है।

# जेएनयू यौन उत्पीड़न मामलाः सह-आरोपी ने कहा- सुनवाई से पहले ही मुझे दोषी घोषित कर दिया गया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की पूर्व छात्रा एवं यौन उत्पीड़न मामले में एकमात्र महिला सह-आरोपी ने आरोप लगाया है कि विद्यार्थियों द्वारा उसे बेवजह निशाना बनाये जाने से उसके मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ा है। मामले के खिलाफ पीड़िता एक अप्रैल से विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन कर रही है। एक छात्रा ने कथित यौन उत्पीड़न की 31 मार्च को शिकायत की थी। उसने दो पूर्व विद्यार्थियों सहित चार लोगों के खिलाफ शिकायत करते हुए विश्वविद्यालय से कार्रवाई किये जाने की मांग की थी। महिला सह-आरोपी ने कहा कि उसे पहले ही 'दोषी' घोषित कर दिया गया है और सार्वजनिक रूप से उसकी तस्वीरों का प्रसार कर उसकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया जा रहा है जबकि जांच अभी जारी है। उसने कहा कि बेबुनियाद आरोप लगाये जाने और उसके बाद सार्वजनिक रूप से मेरी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाए जाने से मेरा मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हुआ है। मुझे बेवजह निशाना बनाया गया और जेएनयू समुदाय की नजरों में अपमानित किया गया। मुख्य प्रॉक्टर सुधीर कुमार ने इससे पहले कहा था कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने एक अप्रैल को दो पूर्व छात्रों के परिसर में प्रवेश पर रोक लगा दी है और मामले की जांच शुरू की है। बृहस्पतिवार को जेएनयू प्रशासन ने कथित यौन उत्पीड़न मामले को लेकर परिसर के मुख्य द्वार पर अनिश्चितकालीन धरना दे रहे 21 छात्रों को 'प्रोक्टर जांच नोटिस' जारी किया। इन विद्यार्थियों में कथित यौन उत्पीड़न घटना की पीड़िता और जेएनयू छात्र संघ अध्यक्ष धनंजय भी शामिल है।

### वाजिब प्रक्रिया का पालन नहीं करने का लगाया आरोप

सह-आरोपी ने कहा कि मेरी सहमति के बिना मेरी तस्वीरें जारी की गईं, मेरी निजता और गरिमा को ठेस पहुंचाया गया। उसने आरोप लगाया कि निहित स्वार्थ वाले लोग छात्रों के बीच एकतरफा कहानी फैला रहे हैं। उसने कहा कि मुझे कानून की वाजिब प्रक्रिया का पालन किये बिना दोषी करार दिया जा रहा है।

### 500 वर्ष पूर्व साधु सन्यासियों ने धर्म की रक्षा के लिए किया था गठन

# सांस्कृतिक-राष्ट्रवाद का प्रतीक खांडा का निर्मोही अखाड़ा मठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

उपमंडल के गांव खांडा में लगभग 500 वर्ष पूर्व साधु सन्यासियों ने धर्म की रक्षा के लिए सनातन धर्म की सेना के रूप में आम जनमानस की भागीदारी में निर्मोही अखाड़े का गठन किया था। 15 वीं और 16 वीं शताब्दी में देश भर में अनेक मठों एवं मंदिरों का निर्माण किया गया। उस समय दिल्ली परगना के खरखौदा के पास खांडा गांव में भी निर्मोही अखाड़े द्वारा एक मठ स्थापित किया गया। कई शताब्दियों तक वैष्णव भक्ति का केंद्र रहे इस मठ को वर्ष 1709 में वीर बंदा बैरागी ने अपना प्रथम सैनिक मुख्यालय बनाया था। निर्मोही अखाड़े का स्वतंत्रता संग्राम में भी बहुत बड़ा महत्वपूर्ण योगदान रहा है। 416 वर्ष पुराने इस मठ में भारतीय संस्कृति और राष्ट्रवाद का मिला-जुला स्वरूप देखने को मिलता है। वैसे तो निर्मोही अखाड़ा एक धार्मिक संगठन है, लेकिन इसका ध्येय वाक्य - राष्ट्र देव भवः राष्ट्रभक्ति सर्वोपरि है। निर्मोही अखाड़ा देश का वह पहला धार्मिक संगठन है जिसने राष्ट्र को देव समान दर्जा दिया है। इसी ध्येय वाक्य के अनुरूप ही धर्म संस्कृति एवं राष्ट्रवाद के प्रतीक की झलक इस मठ में देखने को मिलती है। मठ के प्रांगण में स्थित मंदिर में तमिलनाडु के तंजावुर में निर्मित भगवान के विभिन्न रूपों के भित्ति चित्र लगाए गए हैं। वीर बंदा बैरागी के प्रथम सैनिक मुख्यालय की ऐतिहासिक धरोहर के रूप में एक युद्ध स्मारक दशार्या गया है कि बंदा बैरागी की सेना में सिख ,हिंदू और महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।



खरखौदा। निर्मोही अखाड़ा मठ का विहंगम दृश्य । फोटो :हरिभूमि

### चित्र मठ के सौंदर्यी में चार चांद लगा रहे

संविधान में चित्रित भारतीय संस्कृति को प्रदर्शित करती हुई संविधान संस्कृति दीर्घा में भारतीय संविधान के मूल प्रति में प्रत्येक अध्याय के आरंभ में अंकित सभी बाईस रेखा चित्रों को भित्ति चित्र के रूप में प्रदर्शित किया गया है, ताकि जनसाधारण को संविधान में चित्रित भारतीय संस्कृति को समझने में आसानी हो सके। संविधान संस्कृति दीर्घा में प्रदर्शित इन चित्रों का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है कि संविधान की मूल प्रति आम जनमानस को उपलब्ध नहीं है। इस मूल प्रति में भी रेखा चित्रों को समझना कुछ कठिन है। राष्ट्रभक्ति और नैतिक शिक्षा के प्रसार में यह संविधान संस्कृति दीर्घा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। 121 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज की आभामंडल में निर्मित राष्ट्रवाद और संस्कृति के रंग बिखेरते ये चित्र मठ के सौंदर्य में चार चांद लगाते हैं।

# पत्नी और बेटी की हत्या कर शख्स फंदे से झूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बाहरी जिले के निहाल विहार में शुक्रवार सुबह एक घर से तीन लोगों के शव बरामद हुए। दो की हत्या धारदार हथियार से की गई थी जबकि एक फंटे से लटका हुआ था। पुलिस का कहना है कि अजय (42) नामक शख्स ने फांसी लगाने से पहले पत्नी टीना (38) और बेटी वर्षा (4) की हत्या की है। उसके इस कदम के पीछे क्या कारण रहे इसका पता लगाने के लिये परिवार के अन्य सदस्यों से पूछताछ की जा रही है। डीसीपी जिमी चिरम के अनुसार घर में तीन लाशें मिलने की सूचना सुबह करीब साढ़े नौ बजे निहाल विहार पुलिस को मिली। पुलिस आरजेडई 136, गली नंबर 5, पहुंची। मकान की मालिक ने बताया कि वह पहली मंजिल पर रहते है जबकि मृतक अजय शर्मा का परिवार ग्राउंड फ्लोर पर रहता था। एएसआई मदन ने घर के अंदर जाकर देखा तो अजय पुत्र राम चंद्र पंखे पर लटका हुआ था।

**सूचना**

मैं, रामकुमार पुत्र श्री चेना राम निवासी खन्दराई तहसील गोहाना, जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सुनील व पुत्रवधु राजवन्ती और सन्दीप व पुत्रवधु आरती मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**खबर संक्षेप**

### ट्राले और निजी बस में हुई टक्कर, चार घायल

**झज्जर :** शुक्रवार देर सांय झज्जर-रेवाड़ी मार्ग पर गांव सिलानी बाईपास के नजदीक ट्राले और निजी बस की टक्कर हो गई। जिसके कारण निजी बस में सवार तीन-चार लोगों को चोटें लगी है। एक महिला की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के बाद ट्राला चालक मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि निजी बस झज्जर से रेवाड़ी जा रही थी और उसमें करीब 40 से 50 सवारियां बैठी थी।

### मेंटीनेंस कार्य के चलते बिजली रहेगी बाधित

**झज्जर :** शनिवार को 33केवी ओल्ड पावर हाउस से सिटी नंबर 4 फीडर पर तार बदलने के कार्य के कारण शहर के कुछ क्षेत्रों में सुबह दस बजे से लेकर शाम छह बजे तक बिजली आपूर्ति व्यवस्था बाधित रहेगी। बिजली निगम के एसडीओ सौरभ ने बताया कि कार्य पूरा होने उपरांत बिजली आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।

### ठेके पर मारा छापा मिली अवैध शराब

**बहादुरगढ़।** आबकारी विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को गांव जसोरखेड़ी में स्थित एक ठेके पर छापा मारा। इस दौरान ठेके में मौजूद शराब की जांच की गई। जांच के दौरान एक ब्रैंड की 9 पेटी सात बोतल, तथा तीन पेटी 22 हाफ शराब बरामद हुई। यह शराब बिना परमिट के ठेके में बेची जा रही थी।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए छात्रों को बताया एक-एक वोट का महत्व

# लोकतंत्र के पर्व में अधिक से अधिक मतदान करने को किया जागरूक

प्राचार्या किरण दलाल ने कहा कि मतदान उन मौलिक अधिकारों में से एक है जो हमारा देश हमें प्रदान करता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ब्राइट स्कॉलर स्कूल में शुक्रवार को मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत सुबह प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को मतदान के महत्त्व के बारे में बताया गया।

प्राचार्या किरण दलाल ने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि मतदान उन मौलिक अधिकारों में से एक है जो हमारा देश हमें प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि हमें एक जिम्मेदार नागरिक बनना चाहिए और सभी को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए और एक ऐसे लोकतंत्र की स्थापना करनी चाहिए जो स्वतंत्र, निष्पक्ष और प्रतिनिधित्वपूर्ण हो। कक्षा बारहवीं तक के सभी विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया और कक्षानुसार अनेक गतिविधियां आयोजित करवाई गई।



सोनीपत। पोस्टर बनाकर जागरूक करते विद्यार्थी।





गन्नौर। हस्ताक्षर बोर्ड पर हस्ताक्षर करते एसडीएम डा. निर्मल नागर। फोटो : हरिभूमि

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लगाए गए हस्ताक्षर बोर्ड

- कार्यक्रम की शुरूआत एसडीएम निर्मल नागर ने मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए लगाए गए बोर्ड पर हस्ताक्षर करके की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. मनोज कुमार के निर्देशन में गन्नौर स्थित लघु सचिवालय में स्वीप अभियान के तहत मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत एसडीएम निर्मल नागर ने लघु सचिवालय में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए लगाए गए हस्ताक्षर बोर्ड पर हस्ताक्षर करते हुई की। उन्होंने सभी मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और हर मतदाता मतदान प्रक्रिया में भाग अवश्य लें तथा गर्व महसूस करें क्योंकि आप भारतीय संविधान द्वारा दिए गए अधिकार का प्रयोग कर रहे हैं।



सोनीपत। निरीक्षण करते हुए उपायुक्त साथ में अन्य। फोटो : हरिभूमि

## ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस में जांची सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मनोज कुमार के निर्देशन में शुक्रवार को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का दौरा किया। इस दौरान उपायुक्त ने वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और वेयर हाउस से संबंधित सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट की सुरक्षा बहुत की संवेदनशील कार्य है, ऐसे में वेयर हाउस में निर्माण के दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत कड़े सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को ईवीएम वेयरहाउस के सुरक्षा प्रोटोकॉल के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी और सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए इसको लेकर कड़े दिशा-निर्देश भी दिए।

## बाबू जगजीवन सामाजिक न्याय के पुरोधा थे : मेहरा



गोहाना। बाबू जगजीवन राम की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करते हुए विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

देश के पूर्व उप प्रधान मंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी बाबू जगजीवन राम को उनके जन्मदिवस पर याद किया गया। विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने शहर में समता चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। हरियाणा प्रदेश चमार महासभा के गोहाना के अध्यक्ष ओमप्रकाश मेहरा ने कहा कि बाबू जगजीवन राम सामाजिक न्याय के पुरोधा थे। बाबू जगजीवन राम ने समतामूलक समाज की स्थापना के लिए संघर्ष किया और अपना पूरा जीवन समाज के कल्याण और देश की उन्नति के लिए समर्पित किया। केंद्र सरकार में बाबू जगजीवन राम के कृषि मंत्री रहते ही किसानों से सीधे कृषि उत्पाद खरीदना शुरू किया गया था। 1971 के भारत-पाक युद्ध के नायक बाबू जगजीवन राम थे। सामाजिक न्याय मंच के महासचिव अशोक बामनिया ने कहा कि बाबू जगजीवन राम को किसान और कमेरे के मसीहा के रूप में जाना जाता है। समारोह में अशोक बामनिया, जिला पार्षद रवि इंदौरा, धुला राम, रामू रामपाल वाल्मीकि, भले राम नरवाल, पूर्व सरपंच बिजेंद्र चहल, बलवान वाल्मीकि, धर्मपाल जेई, ऋषि नय्यर, विजय मेहरा, विजय चंडालिया, जितेंद्र तनेजा, सतीश उरलाना, महावीर सभरवाल और कृष्ण भौरिया ने बाबू जगजीवन राम को श्रद्धांजलि दी।

# आश्रम भेजे गए 5 प्रभू, 179 हुई संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

समाज कल्याण शिक्षा समिति और सब इंस्पेक्टर जगत सिंह द्वारा बेसहारा, मंदबुद्धि लोगों (प्रभु) को आश्रम भेजने का अभियान चलाया हुआ है। इसी अभियान के तहत 5 प्रभुओं को हाल ही में आश्रम भेजा गया है। जिसके बाद संस्था द्वारा आश्रम भेजे गए प्रभुओं की कुल संख्या 179 हो गई है। इसमें 2 महिला प्रभु भी शामिल रही।

175 वां प्रभु महिला थी, जिसे मंजीत तिहाड़ा, सचिन खेवडा, सचिन कबीरपुर और मनोज तिहाड़ा को दीवान होटल के पास देखा था। इसके बाद 112 नंबर पर फोन किया और सेक्टर 27 चौकी से महिला हेड कांस्टेबल मनीषा ने अस्पताल में महिला प्रभु का मेडिकल करवाया। रात करीब साढ़े दस बजे इस महिला प्रभु को अपना घर आश्रम भेजा गया। इसी प्रकार 176 वां प्रभू रेलवे स्टेशन पर मिला जो बहुत ही बुरी हालत में था और 177 वा प्रभू गांव दूभेटा से मिला। इन दोनो की पुलिस फॉर्मेलिटी कराई गई, जिसके बाद उन्हें अपना घर आश्रम पूठ खुर्द दिल्ली भेजा गया। 178 वां प्रभु सेक्टर 23 में पार्क के पास पड़ा मिला, जिसको साहब सिंह ने देखा। साहब सिंह ने इसकी जानकारी समाज कल्याण शिक्षा समिति के प्रधान आनंद कुमार को दी। जिसके बाद आनंद कुमार ने 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस फॉर्मेलिटी कराई गई फिर सब इंस्पेक्टर संजय ने एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 179 वीं महिला प्रभु गांव नांगल खुर्द में मिली, उस महिला प्रभु को भी 112 के मध्यम से कुंडली थाना क्षेत्र से हेड कांस्टेबल रीना के द्वारा नागरिक अस्पताल में उस महिला प्रभु का मेडिकल कराया गया। जिसके बाद उस महिला प्रभु को अपना घर आश्रम बूढ़पुर भेजा गया।



सोनीपत। आश्रम भेजी जा रही महिला प्रभु के साथ पुलिस एवं संस्था के पदाधिकारी।

### पहले वकील से एनओसी लेना होगा अनिवार्य

**सोनीपत।** जिला बार एसोसिएशन के प्रधान अनिल ढुल की अध्यक्षता में कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। बैठक में तय किया गया कि किसी भी एमएसीटी केस में अगर दूसरा वकील अपना वकालतनामा पेश करता है तो दूसरे वकालतना में के साथ पहले वकील से एनओसी अनिवार्य होगी। इसके साथ ही किसी अन्य जिले या राज्य से सोनीपत कोर्ट में पेश होने वाले वकील को स्थानीय वकील की हाजिरी जरूरी व तीसरे तथा पांचवें शनिवार को वर्क सस्पेंड के ऑर्डर को निरस्त किया गया है। इस दौरान कोषाध्यक्ष गौरव आंतिल, सह सचिव निर्मल, कार्यकारिणी के सदस्य सुदेश पंघाल, सरिता पहल, विजय गुलिया, राजेश ढुल, प्रदीप आंतिल, दलबीर बूरा आदि रहे।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरूर करें : विवेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



- एसडीएम ने बोर्ड पर हस्ताक्षर कर लोगों को किया वोट डालने को प्रेरित

एसडीएम विवेक आर्य ने कहा कि देश के हर नागरिक को वोट डालने का अधिकार है। हमारे देश में लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए हर मतदाता को चुनाव में मतदान करना करना चाहिए। आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग जरूर करें और साथ में अपने आसपास के लोगों व सगे संबंधियों को वोट डालने के लिए प्रेरित करें। शुक्रवार को लघु सचिवालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें एसडीएम विवेक आर्य ने मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर बोर्ड पर हस्ताक्षर करते हुए लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। वे बोले कि सहभागी लोकतंत्र के निर्माण में प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह अपने मत का प्रयोग करे। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद वोट करने का अधिकार देता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि अब तक जिन्होंने अपना वोट नहीं बनवाया है तो वह 25 अप्रैल तक अपना वोट बनवा सकते हैं। एसडीएम विवेक आय्र ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे भी गांव-गांव जाकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें ताकि इस बार जिला में मतदान प्रतिशत पहले वर्ष से अधिक हो। इस मौके पर एएसआर आत्मप्रकाश, रीडर राजेश, एसडीएम कार्यालय से देवेन्द्र, नवीन कुमार, कविता और संदीप मौजूद रहे।

## खरखौदा में शुरू हुई एचआर 79 ई सीरीज

**खरखौदा।** खरखौदा में व्हीकल रजिस्ट्रेशन अथोरिटी वर्ष 2012 में शुरू हुई थी। अब तक करीब 4 हजार वाहनों को यहां पर नए नंबर मिल चुके हैं। अब एचआर 79 ई सीरीज शुरू हुई है। इस सीरीज में जो फैंसी नंबर अथवा च्वाइस के नंबरों को लेने वाले वाहन चालकों को 10 हजार रुपए सिक्योरिटी देकर बोली में हिस्सा लेना पड़ेगा। 15 अप्रैल को बोली लगाकर कोई भी वाहन चालक अपना मनचाहा नंबर खरीद सकता है। जिसे वह अपने किसी भी वाहन पर लगवा सकता है। एसडीएम श्वेता सुहाग ने बताया कि मनचाहा वाहन नंबर लेने वाले व्यक्ति कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं और बोली में भागीदार बन सकते हैं।

हरिभूमि

आवश्यक सूचना

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# सपनों को पूरा करने के लिए करें मेहनत

- हवन के साथ दून पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहाना-पानीपत मार्ग स्थित दून पब्लिक स्कूल में हवन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। हवन में गुरु और शिष्यों ने मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डाली।

स्कूल के प्रबंधक राजेश सहरावत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सपने हमेशा ऊंचे होने चाहिएं और उनको पूरा करने के लिए मेहनत करें। जो विद्यार्थी मेहनत करते हैं वे एक दिन अवश्य सफल होते हैं। हवन में दिल्ली में कराला स्थित संस्कृत महाविद्यालय से विद्वानवृंद रोहित राज पंत, बृजेश कुमार, लोकेश कुमार शर्मा, स्कूल के प्रबंधक राजेश सहरावत, उप प्रबंधक विक्रांत, प्राचार्या ज्योति छाबड़ा, उप प्राचार्य जतिन और विद्यार्थियों ने आहुतियां डाली। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को हवन की विशेषता भी बताई। उन्होंने कहा कि हवन करने से वातावरण शुद्ध होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।



गोहाना। हवन में आहुतियां डालते हुए शिक्षक, विद्यार्थी व गणमान्य व्यक्ति।

### कीर्ति जैन अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर नियुक्त

**गन्नौर।** गन्नौर शहर की कीर्ति जैन को सरकार ने अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नियुक्त किया है। हरियाणा सरकार ने पदोन्नति के लिए नोटिफिकेशन के लिए राज्यपाल से सिफारिश की थी। राज्यपाल की अनुमति के बाद सरकार उन्हें पदोन्नत कर दिया है। उनके पदोन्नति की जानकारी मिलते ही शहर में खुशी का माहौल है। शहर के गणमान्य लोगों ने उनके पिता डा. श्याम जैन को बधाई दी है। वर्ष 2011 में हरियाणा में जूनियर जज के पद पर चयनित हुई कीर्ति जैन की पहली नियुक्ति रोहतक में हुई थी। इसके बाद वह गुरूग्राम व 2018 में रेवाड़ी में सीजेएम रही।

## लिंक पर क्लिक किया तो ठग लिए 33 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गांव बहालगढ़ के चौक पर मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान चलाने वाले दुकानदार को मोबाइल पर आए लिंक को क्लिक करना महंगा पड़ गया। लिंक पर क्लिक करते ही उनके खाते से 33 हजार रुपये दूसरे नंबर पर ट्रांसफर हो गए। पीड़ित को जब मामले का पता लगा तो उन्होंने पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने धोखाधड़ी व अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव बहालगढ़ निवासी रजनीश ने पुलिस को बताया कि वह गांव के अड्डे पर मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान चलाते हैं। वह पहली जनवरी की शाम को अपनी दुकान पर बैठे थे। तभी उनके मोबाइल पर एक लिंक आया था। जिस पर उन्होंने क्लिक कर दिया। लिंक पर क्लिक करते ही उनके बैंक खाते से 33 हजार रुपये एक मोबाइल नंबर पर ट्रांसफर हो गए। वह अपने रुपये मिलने का इंतजार करता रहा। अब जब रुपये वापस नहीं मिले तो उन्होंने पुलिस को अवगत कराया। बहालगढ़ थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है मोबाइल नंबर की डिटेल निकालकर कार्रवाई की जाएगी।

### ब्लैक फिल्म लगी गाड़ी चालकों पर पुलिस सख्त

**झज्जर।** ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों को लेकर पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान को लेकर यातायात पुलिस द्वारा शुक्रवार को भी सख्ती से कार्रवाई की गई। पुलिस टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर चैकिंग करते हुए 18 ब्लैक फिल्म लगी गाड़ी चालकों के चालान किए गए। इसके अलावा रॉन्ग साइड में गाड़ी चलाने वाले 59 चालकों सहित यातायात के अन्य नियमों की अवेहलना करने वाले वाहन चालकों के 258 वाहन चालकों के चालान किए गए। एसीपी अखिल कुमार ने यातायात व्यवस्थाओं को जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए यातायात नियमों की अवेहलना करने वाले वाहन चालकों के चालान किए। उन्होंने कहा कि सड़क पर चलते समय हमेशा सावधान रहना चाहिए।

खिलाड़ी रुपाली का उसके गांव में किया भव्य नागरिक अभिनंदन

# रुपाली ने राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप में जीता सोना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

बिहार के पटना में सम्पन्न 33वीं सब जूनियर राष्ट्रीय महिला कबड्डी चैंपियनशिप में गांव भावड़ की मेधावी खिलाड़ी रुपाली पुत्री सतीश ने स्वर्ण पदक हासिल करके राष्ट्रीय स्तर पर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस शानदार प्रदर्शन को लेकर शुक्रवार को रुपाली का उसके गांव भावड़ में भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। बरोदा हलका के विधायक इन्दुराज नरवाल मुख्य रूप से खिलाड़ी को आशीर्वाद देने पहुंचे।

राष्ट्रीय महिला कबड्डी चैंपियनशिप में हरियाणा की टीम ने फाइनल मुकाबले में राजस्थान की टीम को पराजित करके ट्राफी कब्जा ली। चैंपियनशिप में खिलाड़ी रुपाली का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। इस आधार पर रुपाली सहित टीम के सभी खिलाड़ियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। विधायक इन्दुराज नरवाल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार द्वारा पदक लाओ, पद पाओ नीति लागू की गई थी। पिछले 9 साल से भाजपा द्वारा प्रदेश में इस नीति को बंद कर दिया गया। समारोह में सरपंच बिजेंद्र, सरपंच रामधारी, संदीप, पप्पू, नरेंद्र, काला, पं. दीपक, प्रकाश, मास्टर रमेश, मास्टर शमशेर, मास्टर दलबीर और ईश्वर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



खिलाड़ी रुपाली को आशीर्वाद देते हुए विधायक इन्दुराज नरवाल व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि